अंक –87 16.10.2025 गुरुवार

# कैमूर चेतना-सत्र

## बिहार शिक्षा परियोजना कैमूर द्वारा सभी विद्यालयों के लिए प्रकाशित





समाहरणालय कैमूर


- ❖ संपादकीय
- ❖ हमारे प्रेरणा स्रोत
- ❖ प्रार्थना
- ❖ बिहार राज्य गीत
- ❖ संविधान की प्रस्तावना
- ❖ राष्ट्रगान
- ❖ आज का सुविचार
- ❖ दिवस विशेष
- ❖ सामान्य ज्ञान
- ❖ शब्द ज्ञान
- ❖ कंप्यूटर ज्ञान
- ❖ प्रेरक प्रसंग
- ❖ बूझो तो जाने
- ❖ रोचक तथ्य
- ❖ विभागीय सूचना










**OCTOBER 2025**

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

वार परिकल्पना सहयोग :
चेतना - सत्र संसाधन निर्माण कोषांग
प्रकाशक :
बिहार शिक्षा परियोजना एवं शिक्षा विभाग , कैमूर

चेतना - सत्र
संसाधन सामग्री निर्माण कोषांग
सदस्य सह संपादकीय समूह



सुमित कुमार
प्राथमिक विद्यालय डारीडीह, भभुआ, कैमूर



शिव कुमार गुप्ता
राजकीयकृत मध्य विद्यालय नीमी, भभुआ

सभी विद्यालयों के शिक्षक 'कैमूर चेतना – सत्र' के ग्रुप में जुड़ना सुनिश्चित करें ताकि चेतना सत्र की प्रति सभी को आसानी से प्राप्त हो

कार्यालय, बिहार शिक्षा परियोजना
शिक्षा भवन , भागीरथी मुक्तावकाश मंच , भभुआ (कैमूर )
पिनकोड – 821101

ईमेल –
chetnakaimur@gmail.com

# भारतीय नौ सेना (INDIAN NAVY)

भारतीय नौसेना भारत के सशस्त्र बलों की समुद्री शाखा है, जिसका नेतृत्व नौसेना स्टाफ के प्रमुख (एक एडमिरल) करते हैं, जो नई दिल्ली से काम करते हैं। यह एक "ब्लू-वाटर नेवी" है, जो हिंद महासागर से परे भी अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने में सक्षम है और भारत की समुद्री अखंडता व हितों की रक्षा करती है। भारतीय नौसेना की कुछ मुख्य बातें ये हैं कि इसमें 293 जहाज और 1,42,251 कर्मी शामिल हैं, जिसमें दो एयरक्राफ्ट कैरियर (INS विक्रमादित्य और INS विक्रांत) और 18 पनडुब्बियां हैं।

## भारतीय नौसेना के बारे में मुख्य तथ्य:

### सर्वोच्च कमांडर:

भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सर्वोच्च कमांडर होते हैं।

### नेतृत्व:

नौसेना स्टाफ के प्रमुख (Chief of Naval Staff - CNS) एडमिरल पद के अधिकारी होते हैं और नौसेना की कमान संभालते हैं।

**मुख्यालय:** नौसेना का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

### शक्ति और आकार:

यह दुनिया की छठी सबसे बड़ी नौसेना है, जिसमें लगभग 293 जहाज हैं।

इसके पास 2 एयरक्राफ्ट कैरियर, 13 डिस्ट्रॉयर, 14 फ्रिगेट्स और 18 पनडुब्बियां हैं। इसमें 1,42,251 कर्मी कार्यरत हैं।

### जिम्मेदारियां:

भारत की समुद्री क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना।

समुद्री हित जैसे विशेष आर्थिक क्षेत्र, मत्स्य पालन और द्वीपीय क्षेत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना।

अपने द्वीपीय क्षेत्रों के साथ संपर्क बनाए रखना और उनके विकास को बढ़ावा देना।

### आधुनिकीकरण और स्वदेशीकरण:

भारतीय नौसेना आत्म-निर्भरता के राष्ट्रीय प्रयास का हिस्सा है।

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) की मदद से स्वदेशी जहाजों और प्रमुख प्रणालियों का निर्माण किया जा रहा है।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि:

भारतीय नौसेना की जड़ें 1612 में मिलती हैं जब कैप्टन बेस्ट ने पुर्तगालियों का सामना किया था।

आधुनिक नौसेना की नींव 17वीं शताब्दी में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा रखी गई थी।

**प्रशिक्षण:** INS चिल्का, भारतीय नौसेना के नाविकों के लिए एक प्रमुख प्रशिक्षण प्रतिष्ठान है।

यह एक व्यापक प्रशिक्षण व्यवस्था के माध्यम से रंगरूटों को प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान करता है।

## 1. प्रार्थना

### प्रार्थना

हमको मन की शक्ति, देना मन विजय करें
दूसरों की जय से पहले खुद की जय करें
हमको मन की शक्ति, देना मन विजय करें
दूसरों की जय से पहले खुद की जय करें

भेद-भाव अपने दिल से साफ़ कर सकें
दूसरों से भूल हो तो माफ़ कर सकें
झूठ से बचे रहें, सच का दम भरें
दूसरों की जय से पहले खुद की जय करें
हमको मन की शक्ति, देना मन विजय करें
दूसरों की जय से पहले खुद की जय करें

मुश्किलें पड़े तो हम पे, इतना कर्म करें
साथ दे तो धर्म का, चलें तो धर्म पर
खुदपे होसला रहे, बदी से ना डरें
दूसरों की जय से पहले, खुद को जय करें

### बिहार राज्य गीत

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा ही दे गंग – जमन नाज करे
आधे रास्ते पे न रुक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

कैमूर चेतना सत्र

### छात्र – प्रतिज्ञा

भारत हमारा देश है। हम सब भारतवासी भाई-बहन हैं। हमें अपना देश प्राणों से भी प्यारा है। इसकी समृद्धि और विविध संस्कृति पर हमें गर्व है।
हम इसके सुयोग्य अधिकारी बनने का प्रयत्न सदा करते रहेंगे।
हम अपने माता-पिता, शिक्षकों और गुरुजनों का आदर करेंगे और सब के साथ शिष्टता का व्यवहार करेंगे। हम अपने देश और देशवासियों के प्रति वफादार रहने की प्रतिज्ञा करते हैं।उनके कल्याण और समृद्धि में ही हमारा सुख निहित है।

कैमूर चेतना सत्र

### राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत भाग्य विधाता।
पंजाब-सिन्धु-गुजरात-मराठा
द्राविड़-उत्कल-बंग
विंध्य हिमाचल यमुना गंगा
उच्छल जलधि तरंग
तब शुभ नामे जागे, तब शुभ आशीष मांगे
गाहे तब जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे भारत भाग्य विधाता
जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय जय हे॥

## 2. आज का सुविचार

"शिक्षक एक मोमबती के समान होते है जो स्वयं जलकर दूसरों को ज्ञान देते है।"

## 3. दिवस विशेष

**विश्व खाद्य दिवस**

इस दिन को भुखमरी और कुपोषण से निपटने के लिए वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है, और यह संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO) की स्थापना की याद दिलाता है।

**उद्देश्य:** विश्व खाद्य दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा, पोषण और स्थायी कृषि के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है।

**स्थापना:** इसे 1945 में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन की स्थापना के सम्मान में प्रतिवर्ष 16 अक्टूबर को मनाया जाता है।

**वैश्विक प्रयास:** इस दिन, दुनिया भर के 150 से अधिक देश भूख और गरीबी से संबंधित मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए एक साथ आते हैं।

## 4. आज का इतिहास

1905: लॉर्ड कर्जन के आदेश पर बंगाल का विभाजन लागू हुआ, जिसने पूरे देश में विरोध प्रदर्शन को जन्म दिया। इस घटना को 'बंग-भंग' आंदोलन के नाम से जाना जाता है।

1964: चीन ने अपना पहला परमाणु परीक्षण किया।

1968: भारतीय-अमेरिकी फिजियोलॉजिस्ट हरगोविंद खुराना को चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार मिला।

2011: 100 वर्षीय फौजा सिंह ने टोरंटो मैराथन पूरी करने वाले पहले व्यक्ति बने।

## 5. सामान्य ज्ञान

1. विटामिन A की कमी से कौन-सा रोग होता है? ☞रतौंधी (Night Blindness)
2. विटामिन $B_1$ का रासायनिक नाम क्या है? ☞थायमिन (Thiamine)
3. विटामिन $B_1$ की कमी से कौन-सा रोग होता है? ☞बेरी-बेरी (Beri-Beri)
4. विटामिन $B_2$ का रासायनिक नाम क्या है? ☞राइबोफ्लेविन (Riboflavin)
5. विटामिन $B_3$ को क्या कहते हैं? ☞नियासिन (Niacin)
6. विटामिन $B_{12}$ की कमी से कौन-सा रोग होता है? ☞पर्नीशियस एनीमिया (Pernicious Anemia)
7. विटामिन C का रासायनिक नाम क्या है? ☞एस्कॉर्बिक एसिड (Ascorbic Acid)
8. विटामिन C की कमी से कौन-सा रोग होता है? ☞स्कर्वी (Scurvy)
9. विटामिन D किस प्रकार का विटामिन है? ☞वसा में घुलनशील (Fat Soluble)
10. विटामिन D की कमी से कौन-सा रोग होता है?

☞रिकेट्स (Rickets) (बच्चों में), ऑस्टियोमलेशिया (Osteomalacia) (वयस्कों में)

1. विटामिन E को क्या कहा जाता है? ☞टोकोफेरॉल (Tocopherol)
2. विटामिन E की कमी से क्या होता है? ☞बांझपन (Infertility), पेशियों की कमजोरी
3. विटामिन K की कमी से क्या होता है? ☞रक्त का थक्का बनने में कठिनाई (Bleeding disorder)
4. विटामिन $B_6$ का नाम क्या है? ☞पाइरिडॉक्सिन (Pyridoxine)

## 6. शब्द ज्ञान (Synonyms)

**Big**: large, huge, enormous, giant
**Fast**: quick, swift, rapid, speedy
**Smart**: intelligent, clever, bright, sharp
**Sad**: unhappy, miserable, sorrowful, downcast

## 7. कंप्यूटर ज्ञान

कंप्यूटर बंद करने के लिए Alt + F4 का उपयोग भी कर सकते हैं, जो शटडाउन मेन्यू खोलेगा, या Ctrl + Alt + Del दबाकर पावर आइकन चुन सकते हैं।

## 8. प्रेरक प्रसंग

### चतुर खरगोश

एक बार एक जंगल में एक छोटा सा खरगोश रहता था, जिसे गाजर बहुत पसंद थी। जंगल में एक बड़ा बगीचा था, जिसमें गाजरें उगी हुई थीं, लेकिन वहां पर एक शेर का डर था। खरगोश ने यह सोचा कि अगर वह गाजरें चुराएगा तो शेर से कैसे बच पाएगा। उसने बड़ी चतुराई से योजना बनाई और शेर से कहने लगा, "तुम बहुत ताकतवर हो, लेकिन अगर तुम चाहो तो एक सच्चा सम्राट बन सकते हो।"

शेर ने इस बात पर ध्यान दिया और वह खरगोश की बातों में फंस गया। खरगोश ने शेर को गाजर का रास्ता दिखाया, लेकिन शेर ने लालच में आकर सारा बगीचा नष्ट कर दिया। फिर खरगोश ने शेर को समझाया कि लालच हमेशा नुकसान का कारण बनता है और उसने शेर को इस गलती से सीखने की सलाह दी।

**मूल शिक्षा: लालच से बचना चाहिए क्योंकि यह हमेशा नुकसान का कारण बनता है। समझदारी से ही जीवन के कठिन हालातों से बाहर निकल सकते हैं।**

कैमूर चेतना सत्र

## 9. बूझो तो जानें

रात में जन्म लेता है, सुबह जवान हो जाता है और दिन ढलते ही इसकी जान निकल जाती है।

समाचार पत्र

## 10. रोचक तथ्य

विटामिन को उनकी घुलनशीलता के आधार पर दो मुख्य समूहों में बांटा गया है: वसा-घुलनशील (A, D, E, K) और पानी-घुलनशील (B और C)।

विटामिन डी एक "सनशाइन विटामिन" है क्योंकि यह मुख्य रूप से सूर्य की रोशनी के संपर्क में आने पर हमारी त्वचा में बनता है।

## 11. विभागीय सूचना

- सितम्बर महीने का PBL MIP पूरा करने की अंतिम तिथि 31.10.2025 है अत: सभी विद्यालय 18.10.2025 तक MIP पूरा करके स्क्रीनशॉट ग्रुप में भेजना सुनिश्चित करें |
- आज विकसित भारत बिल्डथान 2025 का रजिस्ट्रेशन करना सुनिश्चित करें |

**शिक्षा-दीक्षा** शिक्षक सुमित कुमार नेक्स्ट विजनरी साइंस टीचर अवार्ड से किए गए सम्मानित

# बड़ोदरा में कैमूर के शिक्षकों को किया गया सम्मानित

सिटीरिपोर्टर|भभुआ

गुजरात के बड़ोदरा में बाल रक्षक प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी नेशनल एजुकेशनल कॉन्फ्रेंस में बिहार राज्य के सात शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर के नवाचारी शिक्षकों को पहचान देना तथा शिक्षा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करना था।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.नरेश वाघ,मनोज चिंचोरे तथा विशिष्ट अतिथि हरिदास शर्मा,प्रधानाध्यापक, राजकृत मध्य विद्यालय डहरक कैमूर एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक श्री शर्मा को शिक्षा क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक योगदान एवं प्रेरणादायक नेतृत्व के लिए आमंत्रित किया गया था।उनके विद्यालय को इंस्पिरेशनल स्कूल ऑफ 2025 सम्मान से सम्मानित किया गया जो कैमूर जिले के लिए गौरव की बात है।इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय डारीडीह



सम्मानित किए गए शिक्षक

प्रखंड भभुआ,कैमूर के शिक्षक सुमित कुमार को उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण,शिक्षण में नवाचार और बाल विज्ञान संवर्धन के लिए नेक्स्ट विजनरी साइंस टीचर अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। कैमूर के महाबल भृगुनाथ प्लस टू उच्च विद्यालय,कोरेगांव बहेरा के शिक्षक राजेश कुमार को भी इसी श्रेणी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।इसके अलावा मुंगेर जिले के प्राथमिक विद्यालय हसनगंज, जमालपुर के प्रधान शिक्षक विनोद कुमार मोदी को उनके लंबे शिक्षण अनुभव और समाजसेवी योगदान के लिए बाल रक्षक जीवन गौरव सम्मान प्रदान किया गया।कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षकों,शिक्षाविदों और शिक्षा नीति विशेषज्ञों ने भाग लिया।

### शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन

बाल रक्षक प्रतिष्ठान के सचिव ने कहा कि संस्था का लक्ष्य शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।यह संगठन महिला सशक्तिकरण,दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास और वंचित बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के लिए लगातार कार्यरत है। कैमूर जिले के शिक्षकों को यह सम्मान मिलना जिले ही नहीं पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय है।इन शिक्षकों के प्रयासों से शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार,अनुशासन और प्रेरणा का एक नया आयाम स्थापित हुआ है।कैमूर जिले की की ओर से सभी सम्मानित शिक्षकों हरिदास शर्मा,सुमित कुमार,राजेश कुमार एवं विनोद कुमार मोदी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी जाती हैं।हम आशा करते हैं कि उनके प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे और बिहार की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देंगे।

सिटी बाइट्स



### कार्य में बेहतर प्रदर्शन पर तीन शिक्षक सम्मानित

**भभुआ नगर.** गुजरात के बड़ोदरा शहर में बाल रक्षक प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी नेशनल एजुकेशनल कॉन्फ्रेंस 2025 में बिहार राज्य के सात शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर के नवाचारी शिक्षकों को पहचान देना तथा शिक्षा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करना था. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ नरेश वाघ, मनोज चिंचोरे तथा विशिष्ट अतिथि हरिदास शर्मा, प्रधानाध्यापक, राजकृत मध्य विद्यालय धड़क, कैमूर व राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक रहे. श्री शर्मा को शिक्षा क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक योगदान व प्रेरणादायक नेतृत्व के लिए आमंत्रित किया गया था. उनके विद्यालय को इंस्पिरेशनल स्कूल ऑफ 2025 सम्मान से सम्मानित किया गया, जो कैमूर जिले के लिए गौरव की बात है. प्राथमिक विद्यालय डारीडीह, भभुआ के शिक्षक सुमित कुमार व महाबल भृगुनाथ प्लस टू उच्च विद्यालय कोरेगांव बहेरा के शिक्षक राजेश कुमार को वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शिक्षण में नवाचार और बाल विज्ञान संवर्धन के लिए नेक्स्ट विजनरी साइंस टीचर अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया.

**कैमूर चेतना-सत्र टीम**

हर सुबह एक नई चेतना

संपर्क सूत्र : 8271039022

# गुजरात के बडोदरा में कैमूर के तीन शिक्षक हुए सम्मानित




सम्मानित होने वाले कैमूर के तीनों शिक्षक • सौः शिक्षक

**जासं, भभुआ :** कैमूर जिले के तीन शिक्षकों को गुजरात के बड़ोदरा शहर में सम्मानित किया गया है। बाल रक्षक प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी नेशनल एजुकेशनल कान्फ्रेंस 2025 में इन शिक्षकों को सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. नरेश वाघ, मनोज चिंचोरे तथा विशिष्ट अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्रधानाध्यापक, राजकृत मध्य विद्यालय डहरक कैमूर हरिदास शर्मा रहे। हरिदास शर्मा को शिक्षा क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक योगदान एवं प्रेरणादायक नेतृत्व के लिए आमंत्रित किया गया था। उनके विद्यालय को इंस्पिरेशनल स्कूल आफ 2025 सम्मान से सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर प्राथमिक विद्यालय डारीडीह प्रखंड भभुआ कैमूर के शिक्षक सुमित कुमार व महाबल भृगुनाथ प्लस टू उच्च विद्यालय कोरिगांवा बहरा के शिक्षक राजेश कुमार को भी सम्मानित किया गया। कैमूर के तीन शिक्षकों को सम्मानित होने पर शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया।

# कैमूर के गुरुओं को गुजरात में मिला राष्ट्रीय सम्मान

**भभुआ, नसं।** गुजरात के बडोदरा शहर में आयोजित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी नेशनल एजुकेशनल कॉन्फ्रेंस 2025 में कैमूर जिले के तीन शिक्षकों ने जिले और बिहार का नाम रौशन किया।

बाल रक्षक प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से आए शिक्षकों में से कैमूर के शिक्षकों को शिक्षा क्षेत्र में नवाचार और प्रेरणादायक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। राजकृत मध्य विद्यालय, डहरक कैमूर के प्रधानाध्यापक हरिदास शर्मा को शिक्षा क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक योगदान और नेतृत्व क्षमता के लिए आमंत्रित किया गया तथा उनके विद्यालय को "इंस्पिरेशनल स्कूल ऑफ 2025" का सम्मान मिला। प्राथमिक विद्यालय, डारीडीह (भभुआ) के शिक्षक सुमित कुमार को शिक्षण में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और नवाचार के लिए नेक्स्ट विजनरी साइंस टीचर अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। इसी तरह महाबल भृगुनाथ प्लस टू उच्च विद्यालय, कोरगांव बहेरा (कैमूर) के राजेश कुमार को भी इसी श्रेणी का सम्मान प्राप्त हुआ।

# बिहार के सात शिक्षकों को वडोदरा में किया गया सम्मानित




**बिहार जागरण कैमूर से राम प्रवेश तिवारी,,**

गुजरात के वडोदरा शहर में बाल रक्षक प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित "राष्ट्रपिता महात्मा गांधी नेशनल एजुकेशनल कॉन्फ्रेंस 2025" में बिहार राज्य के सात शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर के नवाचारी शिक्षकों को पहचान देना तथा शिक्षा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित करना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो.डॉ रमेश चंद्र कोठारी फॉर्मर वाइस चांसलर वीर नार्मद साउथ गुजरात यूनिवर्सिटी सूरत, प्रो डॉ पुलकित जोशी , सनत भाई पंड्या, गुलाब चंद पटेल, बलरक्षक प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज चिंचोरे सचिव नरेश वाग तथा विशिष्ट अतिथि श्री हरिदास शर्मा, प्रधानाध्यापक, राजकीयकृत मध्य विद्यालय डहरक, कैमूर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

श्री शर्मा को शिक्षा क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक योगदान एवं प्रेरणादायक नेतृत्व के लिए आमंत्रित किया गया था। उनके विद्यालय को "इंस्पिरेशनल स्कूल ऑफ 2025" सम्मान से सम्मानित किया गया, जो कैमूर जिले के लिए गौरव की बात है।

इसी अवसर पर प्राथमिक विद्यालय डारीडीह (प्रखंड भभुआ , कैमूर) के शिक्षक श्री सुमित कुमार एवं राजेश कुमार सिंह शिक्षक महाबल भृगुनाथ प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय किरीगांवा बहेरा को उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण, शिक्षण में नवाचार और बाल विज्ञान संवर्धन के लिए "नेक्स्ट विजनरी साइंस टीचर अवार्ड 2025" से सम्मानित किया I मुंगेर जिले के प्राथमिक विद्यालय हसनगंज, जमालपुर के प्रधान शिक्षक श्री विनोद कुमार मोदी को उनके लंबे शिक्षण अनुभव और समाजसेवी योगदान के लिए "बाल रक्षक जीवन गौरव सम्मान" प्रदान किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षकों, शिक्षाविदों और शिक्षा नीति विशेषज्ञों ने भाग लिया। बालरक्षक प्रतिष्ठान के सचिव ने कहा कि संस्था का लक्ष्य शिक्षा के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। यह संगठन महिला सशक्तिकरण, दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास और वंचित बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के लिए लगातार कार्यरत है। कैमूर जिले के शिक्षकों को यह सम्मान मिलना जिले ही नहीं, पूरे बिहार के लिए गर्व का विषय है। इन शिक्षकों के प्रयासों से शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, अनुशासन और प्रेरणा का एक नया आयाम स्थापित हुआ है।

कैमूर जिले की ओर से सभी सम्मानित शिक्षकों — श्री हरिदास शर्मा, श्री सुमित कुमार, श्री राजेश कुमार, एवं श्री विनोद कुमार मोदी — को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी जाती हैं। हम आशा करते हैं कि उनके प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे और बिहार की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देंगे।